बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन

जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-८०० ००१

दूरभाष :
अध्यक्ष : 226623 (R)
महासचिव : 220227 (O) / 286865 (R)
कोषाध्यक्ष : 351334 (R)

अध्यक्ष
वजीन्द्र नारायण सिंह
(डब्लू० एन० सिंह)

महासचिव
गंगाधर लाल दास
(जी० एल० दास)

Truth Will Triumph

उपाध्यक्ष
फेराक अहमद
अरुण चन्द्र मिश्र

संयुक्त सचिव
अर्जुन प्रसाद
कृष्ण मुरारी शर्मा

कोषाध्यक्ष
केशव रंजन प्रसाद

पत्र संख्या..........................

पटना
दिनांक........22.10.2000.

प्रेस विज्ञप्ति

बिहार प्रशासनिक सेवा संघ के केन्द्रीय कार्यकारिणी एवं अन्य सदस्यों की बैठक श्री डब्लू०एन०सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई । पूर्व सूचना अनुरूप दि० 23.10.2000 से पूर्व घोषित घेराव कार्यक्रम में भाग लेने के लिये राज्य के कई जिलों से संघ के सदस्य पटना पहुँच गये हैं एवं पहुँचने के क्रम में हैं । सूचनानुसार कल प्रातः तक अधिकांश सदस्य पहुँच जायेंगे । आज उपस्थित सदस्यों से प्राप्त सूचनानुसार उनकी चट्टानी एकता अभी भी बनी हुई है एवं वे अपनी मांगों की पूर्ति में अंतिम दम तक हड़ताल में बने रहने के लिये कृत संकल्पित हैं । सरकार अभी विकल्प की तलाश में है एवं आगे पंचायत चुनाव एवं जनगणना की तैयारी में प्रशासनिक सेवा के पदा० के हड़ताल में बने रहने से हो रही कठिनाईयों से परेशान है जो एक कालबद्ध कार्यक्रम है भले ही सरकार को राज्य के विकास एवं अन्य कल्याणकारी कार्यक्रमों की चिंता नहीं हो ।

कुछ बेलगाम भा०प्र०से० के पदा० पर सरकार को नियंत्रण रखना चाहिए । ऐसे पदाधिकारियों में श्रीमती वंदना किन्नी, भा०प्र०से० निदेशक, आइ० सी०डी०एस० भी हैं । केन्द्र सरकार एवं बिहार सरकार के स्पष्ट आदेश के बावजूद झारखंड राज्य गठन होने तक किसी भी पदाधिकारी का स्थानान्तरण एवं पदस्थापन नहीं किया जाय अगर ऐसे आदेश हैं भी तो उसे रद्द कर दिया जाय । इन आदेशों के बावजूद श्रीमती किन्नी ने हड़ताल में रहे हमारे सदस्य श्रीमती मधु रानी ठाकुर को विलंबित कर दिया है । सरकार इन पर कौनसी कार्रवाई कर रही है । संघ तीन दिन तक प्रतीक्षा करेगी अन्यथा उनके विरुद्ध भी आन्दोलन करेगी एवं भारत सरकार का ध्यान आकृष्ट करेगी ।

सरकार के कुछ आला अफसरों के अंह की तुष्टि हड़ताल को समाप्त कराने में बाधक है जिसके आगे अब स्पष्ट हो गया है कि सरकार भी आत्म-समर्पण कर चुकी है । हमारे हड़ताल में इन अफसरों एवं सरकार को रिजनिंग से कोई मतलब नहीं है । केवल भविष्य में अन्य सेवा/कर्मचारिरी संगठनों का मनोबल ऊँचा नहीं हो इस कारण देहातों के एक कहावत कि "खूँटा हम यहीं गाड़ेंगे" को चरितार्थ करने में लगे हुए हैं । यह भविष्य के लिये कोई शुभ संकेत नहीं है एवं बड़े से बड़े

कृ०पृ०उ०----2

बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन

जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-८०० ००१

दूरभाष :
अध्यक्ष : 226623 (R)
महासचिव : 220227 (O), 286865 (R)
कोषाध्यक्ष : 351334 (R)

अध्यक्ष
वजीन्द्र नारायण सिंह
(डब्लू० एन० सिंह)

महासचिव
गंगाधर लाल दास
(जी० एल० दास)

उपाध्यक्ष
फेराक अहमद
अरुण चन्द्र मिश्र

संयुक्त सचिव
अर्जुन प्रसाद
कृष्ण मुरारी शर्मा

कोषाध्यक्ष
केशव रंजन प्रसाद

Truth Will Triumph

पत्र संख्या........................

पटना
दिनांक..............................

अधिनायकवादी ताकतें । सरकार भी झुक गई है जब जनता की समन्वित आवाजें उठती हैं एवं ऐसी स्थिति उत्पन्न होने पर सारी मर्यादाएँ भंग हो जाती हैं । यही स्थिति हमारे सामने उत्पन्न हो गई । हम 60 दिनों तक अपने मर्यादा में रहे हैं एवं सरकार की अड़ियल रवैये ने इन मर्यादाओं को तोड़कर सरकार के आला पदाधिकारियों के घेराव करने को मजबूर कर दिया है जिस राह पर हम दि0-23.10.2000 को उतर जायेगें चाहे इसका हश्र चाहे जो भी हो ।

अन्त में अपने सदस्यों को दिनांक 23.10.2000 को 10.30 बजे संघ भवन में पहुँचने का निदेश के साथ उनकी एकता के लिये बधाई दी गई ।

जय संघ — जय भारत

ह0 — ह0

(जी0 एल0 दास) — (डब्लू0 एन0 सिंह)
महासचिव — अध्यक्ष

ज्ञापांक- 201 — दिनांक-22.10.2000.

प्रतिलिपि- निदेशक, आकाशवाणी/दूरदर्शन पटना/ब्युरो प्रमुख यू0एन0आई/पी0टी0आई0/एक्सप्रेस मिडिया सर्विस, समाचार सम्पादक सभी दैनिक हिन्दी अंग्रेजी समाचार पत्रों को प्रसारण एवं प्रकाशन हेतु सूचनार्थ प्रेषित ।

22.10.2000

(जी0 एल0 दास)
महासचिव